केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
CENTRAL POLLUTION CONTROL BOARD
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार
MINISTRY OF ENVIRONMENT FOREST & CLIMATE CHANGE GOVT OF INDIA

सं.सी-14015013/हि.दि./2020-21/ 187

दिनांक :05.09.2023

परिपत्र

विषय: हिंदी पखवाड़ा-2023 के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशानुसार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिल्ली-स्थित कार्यालय में 14 - 29 सितंबर, 2023 के बीच हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान **भू-तल स्थित प्रशिक्षण कक्ष (ट्रेनिंग हॉल)** में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले उन सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को, जिन्होने उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी रजामंदी दी है, एतदद्वारा प्रतियोगिता के विषय एवं अन्य प्रासंगिक विवरणों से अवगत कराया जाता है :

प्रतियोगिता का नाम	:	**तिथि व स्थान**
हिंदी टिप्पणी/आलेखन	:	**दिनांक 14.09.2023 (गुरूवार) प्रातः 11.00 बजे**
लेख प्रतियोगिता का विषय - "प्रदूषण नियंत्रण - नई खोज एवं जन-भागीदारी"		**जमा करने की अंतिम तिथि-** परिपत्र जारी होने की तिथि से दिनांक 15.09.2023 (शुक्रवार) अपराह्न 12.00 बजे तक
शब्द स्मरण प्रतियोगिता	:	**दिनांक 19.09.2023 (मंगलवार) प्रातः 11.00 बजे**
'हर चित्र कुछ कहता है'	:	**दिनांक 21.09.2023 (गुरूवार) प्रातः 11.00 बजे**

'वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख" प्रतियोगिता हेतु नियम व शर्तें:

- लेख हस्तलिखित होना चाहिए। केवल हस्तलिखित लेख ही स्वीकार किया जाएगा।
- सभी प्रतिभागियों द्वारा अपना लेख निर्धारित तिथि के भीतर राजभाषा प्रभाग में रखे बॉक्स में डाल दिया जाना चाहिए। विलंब से प्राप्त होने वाले लेखों पर विचार नहीं किया जाएगा।
- लेख अर्थपूर्ण और जन-जागरूकता बढ़ाने वाला हो तथा अधिकतम 10 पृष्ठों का होना चाहिए। नियत पृष्ठों से कम या ज्यादा की संख्या में नकारात्मक मूल्यांकन से बचें।
- अपना नाम, पदनाम एवं सीपी संख्या एक छोटी (अलग करने योग्य) पर्ची पर लिख कर केवल लेख के प्रथम पृष्ठ के उपर ही सलंग्न करें अन्यथा लेख स्वीकार्य नहीं होगा।
- यह प्रतियोगिता निर्धारित 20 अंकों की होगी।

"हिंदी टिप्पणी/आलेखन" प्रतियोगिता हेतु नियम व शर्तें:

- इस प्रतियोगिता के अंतर्गत व्यावहारिक/कार्यालयी हिंदी, टिप्पण/आलेखन/पत्राचार, अंग्रेजी वाक्यों/शब्दों का हिंदी पर्याय एवं हिंदी वाक्यों/शब्दों के अंग्रेजी पर्याय इत्यादि से संबंधित प्रश्न होंगे। यह प्रतियोगिता 50 अंक की होगी तथा इसकी अवधि 60 मिनट रहेगी।

क्रमशः

"शब्द स्मरण" प्रतियोगिता हेतु नियम व शर्तें:

- "शब्द स्मरण" प्रतियोगिता 100 अंक की होगी अर्थात परीक्षा स्थल पर ही 100 प्रशासनिक/पर्यावरणीय शब्दों का संकलन दिया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को शब्दों के स्मरण (memories) हेतु 15 मिनट का समय दिया जाएगा। तत्पश्चात उन स्मरणित (memorized) शब्दों को लिखने का 30 मिनट का समय दिया जाएगा। सही शब्दों की संख्या एवं वर्तनी शुद्धता के आधार पर अंक दिए जाएंगे।

"हर चित्र कुछ कहता है" प्रतियोगिता हेतु नियम व शर्तें:

- "हर चित्र कुछ कहता है" प्रतियोगिता 20 अंको की होगी। इसमें प्रतियोगिता स्थल पर उपलब्ध स्क्रीन पर एक चित्र प्रदर्शित किया जाएगा। तत्पश्चात प्रतिभागी को उस चित्र के संबंध में अपने भाव लिखने हेतु 45 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रभावी भावाभिव्यक्ति, उत्कृष्ट भाषा शैली, वर्तनी शुद्धता एवं विचार प्रस्तुती/स्पष्टता आदि के आधार पर अंक दिए जाएंगे।

सामान्य नियम व शर्तें:

- सभी प्रतियोगिताओं में मोबाइल फोन अथवा किसी भी यांत्रिक वस्तु का प्रयोग वर्जित होगा।
- उपर्युक्त प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा। समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में, ऐसे प्रतिभागियों के लिए पुन: दूसरे चरण में एक प्रतियोगिता आयोजित की जा सकती है।

(हस्ताक्षर) 05/09

(संघ मित्र)
प्रशासनिक अधिकारी एवं
प्रभाग प्रमुख राजभाषा

प्रतिलिपि :

1. सभी प्रभाग प्रभारी	- कृपया अपने अधीनस्थ प्रतिभागी कर्मिक को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु समय पर कार्यमुक्त करें।
2. सभी संबंधित प्रतिभागी	- कृपया प्रतियोगिता हेतु निर्धारित समय पर उपस्थित हों।
3. अध्यक्ष के निजी सचिव	- सादर सूचनार्थ ।
4. सदस्य सचिव के निजी सचिव	- सादर सूचनार्थ ।
4. प्रभारी, आईटी प्रभाग.	- कृपया इसे केंद्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करवाएं।
4.परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट	-

(हस्ताक्षर) 05/09

प्रशासनिक अधिकारी